फा सं. 3.12(1)/2018-सा.-I

**संघ लोक सेवा आयोग**

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड

नई दिल्ली-110069

दिनांक : 13/08/2018

**विषय : संं.लो.से.आ. कार्यालय में तौलिया, टेबुल क्लाथ आदि की धुलाई के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी)।**

एक वर्ष की अवधि के लिए सं.लो.से.आ. कार्यालय में तौलिया, टेबुल क्लाथ आदि की धुलाई के लिए एकल बोली प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन बोली आमंत्रित की जाती हैं। निविदा आमंत्रण सूचना की विस्तृत निबंधन एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं जिन्हें सं. लो. से. आ. की वेबसाइट www.upsc.gov.in और केन्द्रीय लोक प्रापण (सीपीपी) साइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती हैं जिनकी समय सीमा क्रिटिकल डेट शीट में दी गई है जो निम्नानुसार हैं :-

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 13.08.2018 |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड करने की तारीख | 13.08.2018 |
| बोली के प्रस्तुतीकरण के शुरू होने की तारीख | 13.08.2018 |
| बोली के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख | 04.09.2018 को 15.00 बजे |
| बोली खोलने की तारीख | 05.09.2018 को 15.00 बजे |

**बोलियां ऑनलाइन सीपीपीपी वेबसाइट https: // eprocure.gov.in / eprocure/ app पर प्रस्तुत की जाएंगी ।**

निविदाकर्ता/संविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि ई - प्रापण के लिए ''केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल (सी पी पी पी) पर https://eprocure.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन लाइन बोलियों के लिए निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता को अनुदेश'' में दी गई अनुदेशों का अनुपालन करें।

**टिप्पणीः-** उपर्युक्त तारीखों में से किसी भी तारीख को इस कार्यालय के लिए घोषित अवकाश / बंदी दिवस होने की स्थिति में निविदा/ बोली अगले कार्य दिवस को उसी समय खोली जाएगी।

1. **बोली के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया:-**

1.1 निविदा ऑन लाइन संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। दस्तावेज़ों को अपलोड किए जाने से पहले प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों को दस्तावेज़ों की विषय वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध रहते हुए भी बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित तथा क्रमिक रूप से संख्या दी जानी चाहिए । वेबसाइट पर एकल भाग या फोल्डर में अपलोड की गई बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

**टेलीग्राम / फैक्स / ई-मेल तथा किन्हीं अन्य तरीकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । इस मुद्दे पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**

1.2 उद्धत की गई दरों में किसी प्रकार की संशोधन/ ओवर राईपिंग /इरेजिंग आदि के लिए बोलीदाता द्वारा अपने हस्ताक्षर कर उसे विधिवत रूप से अनुप्रमाणित किया जाना चाहिए। बोली के प्रत्येक पृष्ठ बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। उद्धत की गई दरें शब्दों एवं अंकों में स्पष्ट रूप से वर्णित होने चाहिए।

**2. जमा धरोहर राशि (ज.धरो.रा.)**

2.1 **जमा धरोहर राशि:** बोली के साथ सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, दिल्ली / नई दिल्ली के पक्ष में देय 6000/- रू. (छह हजार रू. मात्र) की जमा धरोहर राशि जो किसी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर के रूप में हो, संलग्न किया जाना चाहिए । बोलीदाता को उक्त डी.डी. / पी.ओ. की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन्ड प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए। निविदा दस्तावेज के खंड - 5 में यथावर्णित मूल जमा धरोहर राशि की हार्ड प्रति क्रिटिकल डेट शीट में वर्णित बोली खुलने की तारीख / समय पर या उससे पहले सं.लो. से.आ. में सुपुर्द की जानी चाहिए।

2.2 जमा धरोहर राशि अंतिम निविदा वैधता अवधि से परे 45 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी।

2.3 सभी असफल बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत की गई जमा धरोहर राशि को संविदा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन्हें बिना किसी ब्याज के चाहे जो भी हो, के लौटा दी जाएगी। सफल बोलीदाता (ओं) की जमा धरोहर राशि को उनसे निष्पादन प्रतिभूति की प्राप्ति के बाद लौटा दिया जाएगा।

3. <u>निष्पादन प्रतिभूतिः</u>

3.1 सफल बोलीदाता को संविदा प्रदान किए जाने की तारीख से सात दिन के भीतर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में देय संविदा के कुल वार्षिक मूल्य के 10% के समकक्ष किसी वाणिज्यिक बैंक का अदाता खाता डिमांड ड्राफ्ट/ मियादी जमा रसीद / बैंक गारंटी के रूप में निष्पादन प्रतिभूति जमा करानी होगी ऐसा न करने पर जमा धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा और संविदा को भी निरस्त किया जा सकता है।

3.2 निष्पादन प्रतिभूति सभी संविदात्मक बाध्यता जिसमें वारंटी बाध्यताएं शामिल हैं को पूरा होने की तारीख से परे <u>साठ दिन</u> की अवधि के लिए वैध रहेगी ।

4. बोलीदाता को बोली प्रपत्र के अनुसार ही अपनी शर्त रहित दरों का उल्लेख करना चाहिए। कर यदि कोई हो, का पूरा विवरण देते हुए दर्शाया जाना चाहिए अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उक्त दरों में सभी कर शामिल हैं और किसी भी परिस्थिति में किसी बढ़ोतरी के किसी भी अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. <u>बोलियों का मूल्यांकनः</u>

(i) बोलियों का मूल्यांकन समग्र आधार पर किया जाएगा ।
(ii) यदि निम्नतम समग्र दर को उद्धृत करने वाले बोलीदाता सभी मदों में एल-1 फर्म नहीं हैं तो उन्हें उन मदों के संबंध में दर को कम करना होगा जिसमें वे एल-1 से एल-1 स्तर के नहीं हैं।
(iii) उपर्युक्त दोनों शर्तों को पूरा करने वाले बोलीदाता को निविदा प्रदान की जाएगी।

6.<u>भुगतान शर्तें:</u>

भुगतान धुलाई कार्य संतोषजनक रूप से धुलाई की गई सामग्री को अच्छी स्थिति में प्राप्त करने के बाद मासिक आधार पर जारी किया जाएगा।

7. <u>क्षति / शास्ति खंड</u>

7.1 किसी भी माह के विशेष दिन के कार्य के असंतोषजनक निष्पादन के नोटिस में आने की स्थिति में यह कार्यालय उस विषेश माह में कुल बिल की राशि से 2% राशि की कटौती करेगा।

7.2 यदि कार्य का असंतोषजनक निष्पादन उस विषेश माह के दौरान एक से अधिक दिन और पांच दिन तक पाया जाता है तो उस विषेश माह के बिल से कुल बिल राषि की 10% राशि की कटौती की जाएगी।

7.3 तथापि, यदि कार्य का असंतोषजनक निष्पादन किसी माह में पांच से अधिक दिन और 10 दिनों से कम पाया जाता है तो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा उस विषेश माह की कुल बिल राशि में से 5% राशि की कटौती की जाएगी। ऐसी स्थिति में इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी के पास संविदा को समाप्त करने और संविदाकर्ता की निष्पादन प्रतिभूति को जब्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

7.4 कपड़ों के गुम होने के लिए संविदाकर्ता उत्तरदायी होगा। वह कपड़ों को किसी प्रकार की क्षति और इसके रंग खराब होने आदि के लिए उत्तरदायी होगा । कपड़ों के गुम होने / खराब हो जाने की लागत संविदाकर्ता से वसूली जाएगी और इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा ।

7.5 संविदाकर्ता की सेवा गुणवत्ता के संबंध में इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा ।

8.<u>अन्य निबंधन एवं शर्तें:</u>

8.1 मूल्य एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगी । तथापि, सांविधिक दायित्वों एवं कर / जी एस टी के संशोधन पर, संविदाकर्ता तदनुसार सं. लो. से. आ. को कर / जी एस टी के बढ़ोतरी के लिए लिखित में अनुरोध कर सकता है, सं. लो. से. आ. द्वारा यदि यह तर्कसंगत पाया जाता है तो इस पर विचार कर सहमति दी जाएगी ।

8.2 धुलाई की दरें संलग्न फार्मेट में प्रति पीस / प्रति सेट / प्रति पैनल जैसा भी मामला हो मदवार उद्धृत किया जाए।

8.3 मूल्य अनुसूची में दर्शाई गई मात्रा अस्थायी है।

8.4 लागू कर, यदि कोई हो को पूर्ण विवरण सहित दर्शाया जाना चाहिए अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि दरों में सभी कर शामिल हैं और किसी भी परिस्थिति में किसी प्रकार की बढ़ोतरी के लिए अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

8.5 यदि संविदाकर्ता की सेवाएं संतोषजनक पाई जाती हैं तो यह कार्यालय सफल बोलीदाता के साथ उन्हीं दरों, निबंधन एवं शर्तों पर एक और वर्ष अथवा उसके भाग के लिए संविदा को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

8.6 प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

8.7 बोलीदाता को एक परिवचन प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने सं. लो. से. आ. की तुलना में किसी अन्य मंत्रालय / सरकारी संगठनों में कम दर उद्धृत नहीं किया गया है । परिवचन को अनुबंध में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

8.8 सचिव, संघ लोक सेवा आयोग निविदा को पूरी तरह से अथवा उसके किसी भाग को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम और फर्म पर बाध्यकारी होगा।

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (सा.)
दूरभाषः 23382418

**अनुबंध-I**

## धुलाई कार्य के लिए वित्तीय निविदा के लिए फार्मेट

फर्म का नाम एवं पता :

जमा धरोहर राशि का विवरण : बैंक का नाम-
बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक आदि सं.-

दूरभाष सं. : (नि.) (का.)
(मो.)

| क्रम सं. | मदें | मात्रा सं. में (मासिक धुलाई) (लगभग) | कोटेशन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | इकाई | प्रति धुलाई/ प्रति पीस/ प्रति सेट/ प्रति पैनल दर | धनराशि (ग x ङ) | वैट/बिक्री कर/ सेवाकर/ कोई अन्य सरकारी लेवियां | | कुल धनराशि (छ+ज) |
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) (%) | (ज) (धनराशि) | (झ) |
| 1. | तौलिये | 560 | प्रति पीस | | | | | |
| 2. | टेबल क्लाथ | 10 | प्रति पीस | | | | | |
| 3. | पर्दे | 20 | प्रति पैनल | | | | | |
| 4. | बेड शीट (सिंगल बेड़) | 320 | प्रति पीस | | | | | |
| 5. | बेड कवर | 50 | प्रति पीस | | | | | |
| 6. | तकिया कवर | 310 | प्रति पीस | | | | | |
| 7. | कार के पर्दे | 10 | प्रति सेट | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | कार सीट कवर (लूज) | 10 | प्रति सेट | | | | | |
| 9. | डस्टर | 02 | प्रति पीस | | | | | |
| 10. | नेपकिन / हैंड टावल | 220 | प्रति पीस | | | | | |
| 11. | एप्रन | 10 | प्रति पीस | | | | | |
| 12. | दस्ताने | 05 | प्रति पीस | | | | | |
| 13. | | | | | | | कुल योग | * |

**<u>टिप्पणी:</u>** वैट / बिक्री कर / सेवाकर / कोई अन्य सरकारी लेवियां की दर , यदि कोई हों, को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धृत दर में वैट / बिक्री कर / सेवाकर / कोई अन्य सरकारी लेवियां शामिल हैं।

मालिक का नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक सहित हस्ताक्षर-----------

**घोषणा**

मैं----------------------------------------------- प्रमाणित करता हूं कि मुझे निविदा आमंत्रण सूचना की सभी निबंधन एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

(नाम एवं तारीख सहित हस्ताक्षर)